## खबर संक्षेप

### पानी न आने की शिकायत का हुआ निराकरण

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के चंदनगांव पानी टंकी के जल प्रदाय में समस्या होने के कारण कुछ स्थानों में जल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत प्राप्त हुई।आयुक्त राहुल सिंह के आदेश पर इस समस्या का निराकरण करते हुए चोकिंग ढूंढकर सुधार किया एवं जल आपूर्ति को पुनः प्रारंभ किया गया।

### आयुक्त के निर्देश काटे गए 3 नल कनेक्शन

**छिंदवाड़ा।** आयुक्त राहुल सिंह द्वारा राजस्व समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जिस पर निगम के विभिन्न जोन में नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जा रही है।सोमवार को लोनिया करबल जोन में जलकर जमा न करने पर तीन नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इस कार्यवाही में जोन अधिकारी नीरज तांबे, राजस्व निरीक्षक अमित सारवान सहित वार्ड एआरआई एवं जलकर वसुलीकर्ता शामिल रहे।

### श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

**दमुआ।** सोमवार को भगवान श्री रामचंद्र जी का अक्षत एवं भगवान रामचंद्र जी का अयोध्या का चित्र दमुआ नगर में आमंत्रण दिया गया और सभी राम भक्तों को कहा गया कि दिनांक 22 जनवरी प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी राम भक्त अपने-अपने घरों में कम से कम पांच दिए जलाए और भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग मिलकर दीपावली बनाए ऐसा आग्रह सभी राम भक्तों से किया गया और समय अनुसार प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए अयोध्या जाने का निमंत्रण भी दिया गया। आमंत्रण देने वालों में सर्वश्री राजेश सिरसाम जी पूर्व जनपद अध्यक्ष जुन्नारदेव एवं योगेश साहू मंडी उपाध्यक्ष ,छिंदवाड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन पाल कार्यवाहक प्रभारी श्री अनिल पांडे ,श्री मोहित कन्नौजिया, श्री कमल झा, पार्टी के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सभी को अयोध्या जाने का आमंत्रण दिया।

### 17 सदस्यों ने अध्यक्ष को बर्खास्त करने की कलेक्टर के समक्ष रखी मांग

# जामसांवली मंदिर कमेटी अध्यक्ष पर छल से नए सदस्य जोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

आज पांढुर्ना जिले की सौंसर तहसील में स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान ट्रस्ट कमेटी के 17 सदस्यों ने पांढुर्ना जिला कलेक्टर से भेंटकर कमेटी अध्यक्ष नीरज चौधरी पर छल और धोखे से 12 नए आजीवन सदस्य बनाए जाने का आरोप लगाया है। इस मौके पर कमेटी सचिव टीकाराम कारोकार, उपाध्यक्ष दादाराव बोबडे तथा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नीतिन मोहगांवकर सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित थे।

सचिव टीकाराम कारोकार ने कलेक्टर और मीडियाकर्मियों को बताया कि वर्तमान अध्यक्ष धीरज चौधरी ने गत 22 नवंबर 2023 को प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक रखी थी। बैठक में मंदिर के दैनिक व्यवस्थापन के लिए जरूरी अनेक प्रस्ताव पारित किए गए।

अध्यक्ष धीरज चौधरी ने सदस्यों कहा कि ऑडिट संबंधी कुछ जरूरी लेख या प्रस्ताव लेखाकार से चर्चा उपरांत लिखा जाएगा इसलिए समस्त सदस्यों के हस्ताक्षरों के उपर थोडी खाली





### सदस्य जोडने का प्रस्ताव खारिज करें

इसके कुछ दिनों बाद ही सदस्यों को पता चला कि खाली छोडी गई जगह पर नए आजीवन सदस्यों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इस बात को लेकर आपत्तिकर्ता सदस्यगणों ने सौंसर एसडीएम एवं तहसीलदार को गत 4जनवरी को अपने साथ छलपूर्वक किए गए धोखे की शिकायत कर नए सदस्य जोडने के प्रस्ताव को निरस्त कराने की मांग की।

### अध्यक्ष सदस्यों को दे रहे झूठे नोटिस

आज कमेटी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा से निवेदन किया कि हमारे साथ अध्यक्ष धीरज चौधरी द्वारा विश्वासघात, छल करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया है। इन हालातों को संदिग्ध बताकर ट्रस्ट कमेटी सदस्यों मंदिर की दैनिक गतिविधियों का सुचारू संचालन मुश्किल बताया। सदस्यों ने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि कमेटी अध्यक्ष की कलई खुल जाने की वजह से वह ट्रस्ट कमेटी सदस्यों एवं मंदिर कर्मचारियों के विरूद्ध झूठे एवं निराधार आरोप लगाकर नोटिस जारी कर रहे है जिससे सदस्यों में भय फैल गया है।

### अध्यक्ष पर कारवाई की जाए

मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कलेक्टर से की गई शिकायत में जल्द साधारण सभा आहूत किए जाने की मांग की है। इस सभा में नए सदस्यों को जोडने के अवैध प्रस्ताव को निरस्त करने, अध्यक्ष नीरज चौधरी के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाकर मत विभाजन करने तथा अध्यक्ष के विरूद्ध धोखाधडी का आपराधिक प्रकरण कायम करने की मांग की गई है।

### कमेटी के उपस्थित सदस्यगण

जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा को शिकायत प्रस्तुत कर न्याय चाहने वालें कमेटी सदस्यों में दादाराव बोबडे उपाध्यक्ष, टीकाराम कारोकार सचिव, संतोष डवरे, प्रदीप बुटे, नीतिन मोहगांवकर, मनोहर शेलकी, महादेव मते, पांढुरंग बोबडे, संजु डवरे, श्रीराम डवरे, पंजाराव येलमूले, वसंतराव येलमूले, वसंता शेलकी, अधिवक्ता एम.एन. खंडाइत, रामराव डवरे तथा वासुदेव कारोकार एवं इनके समर्थकगण शामिल थे।

## विद्युतीकरण का कार्य हुआ प्रारंभ, वार्डवासियों में हर्ष



**जुन्नारदेव।** वार्ड क्रमांक 13 में विद्युत विस्तारीकरण का कार्य जारी जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश जी ने वार्ड पार्षद श्रीमती प्रमिला विजयपाल के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 13 में विद्युतीकरण कार्य वार्ड वासियों के आग्रह पर स्थानीय पार्षद के निवेदन पर जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद ने विद्युतीकरण की कार्य की स्वीकृति प्रदान की कार्य प्रारंभ विद्युतीकरण कार्य प्रारंभ पर वार्ड वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लाखों की चोरी, अब तक नहीं कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

न्यूटन पुलिस चौकी के अंतर्गत पगारा में एक रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी के घर लाखों की चोरी का पुलिस को अब तक सुराग नहीं मिला है । मामले पुलिस लगातार संदिग्धों से पूछताछ कर रही है । मिली जानकारी के अनुसार पगारा शासकीय अस्पताल में कंपाउंडर के पद से रिटायर हुए कर्मचारी सोहन मर्सकोले जो कि पगारा मोक्ष धाम के समीप सेवक राम के मकान पर किराए से रहते हैं । उनके यहां से 27 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने घर में रखें नगदी 4.50 लाख और लगभग 9.50 तौला सोना चुरा लिया । जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस चौकी न्यूटन में दर्ज कराई । इसके बाद से पुलिस लगातार चोरों तक पहुंचाने की कोशिश में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है , लेकिन पुलिस को अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है । घटना की रात पीड़ित और उसका परिवार अपने हर्राहेट स्थित खेत पर थे । इधर घर सूना देखकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया । पीड़ित जल्द से जल्द चोरों के पकड़े जाने की उम्मीद लगाए हुए है ।

### दमुआ पुलिस ने मोटर चोरों को धर दबोचा

**दमुआ-** थाना दमुआ के रामपुर क्षेत्र से विभिन्न ग्रामों से लगभग 2 वर्ष पूर्व चोरी गई पानी की मोटर पंप को थाना दमुआ पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्र से चोरी हो गए मोटर पंपों के संबंध में लगातार प्रयास किया जा रहे थे लगातार प्रयास के चलते आखिरकार 4.1.2024 को पुलिस को सफलता हाथ लगी आरोपीयो मे 1.सुमन सा पिता मंगल शीलू उम्र 20 वर्ष निवासी डेहरी 2.दौलत राम पिता नंदलाल शीलू उम्र 19 वर्ष निवासी डेहरी 3.मंगल पिता जोगन सिलु उम्र 45 वर्ष निवासी डेहरी से

## नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से बिछुआ भाजपा पदाधिकारियों ने की भेंट



**बिछुआ।** भोपाल में सोमवार को मध्यप्रदेश शासन मेंनगरीय निकाय विकास मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कैलाश विजयवर्गीय से भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत(गोलु)नागरे, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे ने भेंट की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष ने बिछुआ नगर परिषद में बस स्टैंड से लेकर कॉलेज तक सड़क की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सौंपा एवं अन्य विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाने का भी मंत्री जी से आग्रह किया,जिस पर नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जल्द ही मांगो को शीघ्र स्वीकृति दिलाने हेतु आश्वत किया।

## जल्द ही जमीदोज होगा अवैध अंजुमन कॉम्पलेक्स

### स्वयं तोड़ने के लिए नगर निगम ने दिया 15 दिन का अवसर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जिले के हृदय स्थल में बने अंजुमन कॉम्पलेक्स कुछ अधिकारियों की लापरवाही से बन तो गया परंतु अवैध भवन के विरूद्ध लगी याचिका का ही परिणाम है कि नगर निगम के अधिकारियों को एक्शन में आना पड़ा और अधिकारियों ने 15 दिन का अवसर अवैध निर्माण कर्ताओं को दिया है ताकि वे स्वयं के खर्चे पर अवैध निर्माण तोड़ सके। अब देखना यह है कि अवैध निर्माण स्वयं तोड़ते है या प्रशासनिक कार्यवाही में टूटता है या फिर किसी प्रकार का स्टे या तोड़ने के लिए कोई अडंगा पैदा किया जाता है। बहरहाल निगम आयुक्त एक्शन मोड में है और जल्द ही कार्यवाही का इंतजार है।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन संस्था, आजाद चैक छिन्दवाड़ा व्दारा प्रस्तुत अभ्यावेदन दिनांक 21/12/2023 माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन क्र. 30651/2023 दिनांक 18/12/2023 के आदेश की प्रति के साथ प्रस्तुत किया गया। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में श्रीमान राहुल सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा व्दारा पारित आदेश दिनांक 19/12/2023 पर पुनः विचार करने हेतु प्रश्नाधीन स्थल का विस्तृत परीक्षण एवं अधिनियम के अंतर्गत स्थल का भौतिक निरीक्षण कर नियमानुसार अभिमत सह प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु समिति का गठन दिनांक 22/12/2023 को किया गया साथ ही नजूल अधिकारी को सीमांकन हेतु दिनांक 26/12/2023 पत्र लिखा तदाशय में नजूल अधिकारी व्दारा भी प्रश्नाधीन स्थल के सीमांकन करने हेतु दल गठित किया गया था।नजूल के दल एवं नगर निगम की गठित समिति द्वारा दिनांक 02/01/2024 को प्रश्नाधीन स्थल का निरीक्षण किया गया। नजूल अधिकारी रिपोर्ट दिनांक 05/01/2024 के अनुसार प्रकरण में प्रश्नाधीन स्थल नजूल भूमि आवासीय प्रयोजन हेतू रेवेन्यु केस नं0 30/A 20(1)/2003-02 form-H अनुसार छिन्दवाड़ा वार्ड 28 ब्लाक नं. 15 प्लाट नं. 5/2, 6/2, 7/2 स्थित 12290 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु प्रदत्त है जिसका स्थल पर नजूल विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त भूमि का सीमाकंन किया गया एवं स्थल पंचनामा तैयार किया गया जिसमें नजूल नक्शे अनुसार भूमि का क्षेत्रफल एवं सीमाए चिन्हित की गई।समिति के प्रतिवेदन अनुसार कुल 13808.16 वर्गफुट अतिरिक्त निर्माण किया गया है जो कि मूल भवन अनुज्ञा से 216.12 प्रतिशत अधिक पायी गई।

नजूल भूमि का व्यवसायिक (उपयोग) परिवर्तन, टीएण्डसीपी से अनुमोदित व्यवसायिक अभिन्यास एवं भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 (1) के अंतर्गत सारणी 4 अनुसार 1500 वर्गमीटर तक के भूखण्ड पर वणिज्यिक उपयोग हेतु ग्राउंड कवरेज 40 प्रतिशत एवं प्रशमन की स्थिति में पात्र निर्माण क्षेत्रफल के 10 प्रतिशत अधिक का निर्माण का प्रशमन किया जा सकता है। प्रकरण में भूमि 12290 वर्गफुट का 40 प्रतिशत ग्राउंड कवरेज 4916 वर्गफुट होता है जबकि स्थल पर 6476.77 वर्गफुट ग्राउंड कवरेज है, जो कि आवश्यक ग्राउंड कवरेज से 1560.77 वर्गफुट अधिक है।

व्यवसायिक निर्माण की स्थिति में भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 (1) के अंतर्गत सारणी 4 अनुसार 1500 वर्गमीटर तक के भूखण्ड पर फ्रन्ट एमओएस 9 मीटर तथा आजू बाजू पृष्ठ का 6 मीटर छोड़ा जाना चाहिए था, स्थल पर आजू बाजू पृष्ठ भाग में एमओएस छूटा होना पाया गया जबकि फ्रन्ट एमओएस छूटा हुआ नहीं पाया गया। उपरोक्तानुसार वर्तमान आवेदन नियमानुसार प्रारूप क एवं ख में प्रस्तुत नही हैं एवं टीएण्डसीपी से अनुमोदित व्यवसायिक अभिन्यास एवं भूमि के नजूल भूमि का व्यवसायिक (उपयोग) परिवर्तन संबंधी दस्तावेज आवेदन में संलग्न नही होने के कारण वर्तमान आवेदन दिनांक 21/12/2023 प्रशमन के विचार योग्य नही हैं, तथापि भवन के ग्राउंड कवरेज को 40 प्रतिशत की सीमा में लाने हेतु 1069.17 वर्गफुट भवन फ्रन्ट एमओएस 7.5 मीटर को सम्मिलित करते हुए ध्वस्त किये जाने के पश्चात ही उक्त प्रकरण प्रशमन योग्य होगा।

नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित व्यवसायिक अभिन्यास, नजूल विभाग से भूमि का व्यवसायिक (उपयोग) परिवर्तन होने के उपरांत एवं भवन के ग्राउंड कवरेज को 40 प्रतिशत की सीमा में लाने हेतु 1069.17 वर्गफुट भवन फ्रन्ट एमओएस 7.5 मीटर को सम्मिलित करते हुए ध्वस्त किये जाने उपरांत तथा निर्धारित प्रारूप-ख के साथ सभी दस्तावेज संलग्न किये जाने के पश्चात ही भवन के प्रशमन पर विचार किया जा सकता हैं।

## 25 दिव्यांग बच्चों को मिले विशेष उपकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

आज उत्कृष्ट विद्यालय के समीप स्थत स्वामी विवेकानंद शाला प्रांगण में जनपद शिक्षा केंद्र पांढुर्ना के माध्यम से विकासखंड के 25 दिव्यांग बच्चों को निशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जनपद उपाध्यक्ष भीमराव वालके, पार्षद लोचन खवसे, प्रदेश भाजपा महिला सदस्या अधि. वैशाली महाले, नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता महेंद्र घोडे, मंडल अध्यक्ष विष्णु लेंडे, नगरमंडल महामंत्री पवन क्षत्रीय, जिला महामंत्री सोनवंशी मैडम तथा अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बीएसी नरेंद्र बांबल ने बताया कि म.प्र. शासन की ओर से 25 दिव्यांग बच्चों को परीक्षण उपरांत यह उपकरण देने के लिए चिन्हित किया गया है। इस मौके पर अनेक जनप्रतिनिधियों ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए इस योजना को उत्कृष्ट बताया। मंडल महामंत्री पवन क्षत्रीय ने कहा कि किसी पात्र दिव्यांग बच्चे का चिन्हांकन ना हुआ हो तो उसके परिजन वाहेगुरू फाउंडेशन से संपर्क कर सकते है जहां बच्चे को जरूरी उपकरण दिया जाएगा।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान का आरंभ

### आगामी 22 जनवरी को लेकर सभी लोगों में है उत्साह, चल रही तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया

पूरा देश राममय हो गया है हर तरफ 22 जनवरी के आयोजन को लेकर उत्साह के साथ तैयारियों काब माहौल है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तामिया खंड में गृह संपर्क अभियान के माध्यम से जुटा हुआ है।तामिया में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान का आरंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारीयो द्वारा आज ग्राम देलाखारी से प्रारंभ हुआ। अभियान के खंड संयोजक उदयभान इंगले जी खंड कार्यवाह संदीप जी नागवंशी खंड बौद्धिक प्रमुख ब्रजेश आमृवंशी सभी ग्रामीण ईलाको में पहुंच रहे है। सभी को आमंत्रित अक्षत प्रदान किये जा रहे है । भगवान श्री राम के सेवक बनकर स्वयंसेवक संपर्क कर रहे है। श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अयोध्या से आये अक्षत एंव श्री राम के चित्र को तामिया खंड सेवा प्रमुख विष्णु यदुवंशी ने संपर्क किया। सभी उपखंड पालक मंडल संयोजकों से भी आग्रह है की अपने उपखंड मंडल के प्रत्येक गांव में अक्षत चित्र एवं पत्रक वितरण का कार्य रामसेवकों की टोली बनाकर तय समय सीमा में कर रहे है।

### परासिया में अटका निजी भूमि को शासन के पक्ष में करने का मामला

## सिरगोरीखुर्द-हथियागढ़ नवेगांव मार्ग निर्माण की बांट जोह रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

छिंदवाड़ा जिले की जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द में शासन प्रशासन विकास कार्यो के लिए राशि आवंटित नहीं कर रही है । जिससे सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सिरगोरी खुर्द - नवेगांव - हथियागढ़ 3 किलोमीटर सड़क मार्ग का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण का पंचायत मुख्यालय पहुंचने में भारी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। उबर खाबड, गहरे गढ्ढों , खंदक भरे इस मार्ग में बारिश में बेहद परेशानी होती है । इस मार्ग का निर्माण आजादी के बाद अभी तक नहीं हुआ है सडक के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस मार्ग की कार्य योजना नहीं बनाई। ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द में 2022 में निर्वाचित सरपंच चित्रा डेहरिया ने इस सड़क की निर्माण की कार्य योजना प्रारंभ कर दी है ।



### सड़क निर्माण में क्या परेशानी

सिरगोरी खुर्द से हथियागढ़ नवेगांव तीन किलोमीटर पहुंच मार्ग में लगभग 15 किसानों की भूमि आई है। सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया की पहल पर उक्त सभी किसानों ने सड़क निर्माण के लिए अपनी हक की भूमि शासन को देने की सहमति, तहसीलदार परासिया को दी है। अब यह मामला तहसील परासिया में अटका हुआ है ।तहसीलदार परासिया किसनों द्वारा लिखित सहमति देने के बावजूद भी अभी तक इस भूमि को शासन के पक्ष में करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जिससे इस सड़क निर्माण की आगामी कार्यवाही रुकी हुई है। सरपंच ने भी तहसीलदार से अपेक्षा व्यक्त की है कि सड़क निर्माण के लिए किसनो द्वारा शासन को दी जाने वाली अपनी निजी को शीघ्र शासन पक्ष में आदेश जारी किया जाए,। ताकि सड़क निर्माण संभव हो सके।

### इनका कहना है

सिरगोरीखुर्द -हथियागढ़- -नवैगांव सड़क निर्माण बेहद जरूरी है, उक्त दोनों गांव का पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है, राजस्व विभाग तहसीलदार को चाहिए कि किसानो द्वारा दी जा रही अपनी निजी भूमि को शासन के पक्ष में आदेश जारी करने की जरूरत है। यह जनहित का मामला है ,इसे प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर पंचायत का सहयोग करने की अपेक्षा है।

चित्र डेहरिया सरपंच

पंचशील ध्वज का ध्वजारोहण जिला भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ अशोक भगत के हस्ते किया गया, आयोजन में बौद्ध धर्म के अनुयायी रहे मौजूद

# दीप प्रज्जवलित कर मनाया बौद्ध महासभा ने पंचशील ध्वज दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



भारतीय बौध्द महासभा, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्व पंचशील ध्वज दिवस मनाया गया।बुद्ध विहार ओर पटागन में पंचशील ध्वज का ध्वजारोहण जिला भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ अशोक भगत के हस्ते किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत सम्यक बुद्ध संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरके प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन अभिवादन के साथ किया गया।आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सदस्य चंद्रभानजी बागड़े,रमाबाई अम्बेड़कर, महिला मंडल अध्यक्ष पमिता बागड़े,व्यापारी संगठन अध्यक्ष दिलीप बागड़े,हिरामन सोमकुंवर,डॉ दीपक शेंडे,मुकेश बागड़े,रामदास बंसोड़,रामकृना गजभिये,चंदू सनेसर,नितल हनवते,रीता बागड़े,करुणा हनवते,योगिता कड़बे,छायाबाई गायकवाड़ युवराज दुफारे आदि थे।आयोजन संबोधित करते हुए प्रदेश सदस्य श्री बागडे ने कहा कि भारत की नहीं तो विश्व पंचशील ध्वज दिवस विश्व के 132 देश में मनाया जाता है। तथागत भगवान गौतम बुद्ध से निकलने वाले पांच करने से यह पंचशील का ध्वज बना हुआ है। यह पंचशील ध्वज हमें न्याय क्षमता स्वतंत्रता बंधुत्वता प्रेम शांति करुणा मैत्री का संदेश देता है।जिला भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने कहा कि भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ के निर्देश पर संपूर्ण जिले के बौद्ध विहारों एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा समुख विश्व दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चलाया जनजागरुकता अभियान

**दमुआ।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा एवं एसडीओपी जुन्नारदेव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को आए दिन वाहन गाड़ियों से सड़कों पर भीषण दुर्घटनाएं घटित हो रही है इस संबंध में लोगों को यातायात ट्रैफिक के नियमों का पालन करने की समझाइए दी जा रही है दमुआ पुलिस स्टाफ के द्वारा शासकीय महाविद्यालय दमुआ ,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दमुआ, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन आदि जगह पहुंचकर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लोगों को जनजागरूक किया जा रहा है और समझाईश दी जा रही है कि सड़कों पर यातायात के नियम के अनुसार ही वाहन चलाएं और लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाएं वाहन गाड़ी को नशे की हालत में ना चलाएं ।हेलमेट लगाकर सुरक्षा के साथ वाहन चलाया जाए और वाहन चलाते समय मोबाइल से बातें ना करें ।बिना लाइसेंस ,बीमा ,फिटनेस ,आरसी बुक और आवश्यक कागजात के बिना गाड़ी वाहन ना चलाएं और यातायात के शर्तें एवं नियमों के अनुसार ही वाहन चलाएं और दुर्घटना से बचे और खुद भी सुरक्षित रहे और लोगों को भी सुरक्षित रखें सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान में खासकर पुलिस थाना दमुआ के टीआई श्री कोमल सिंह रघुवंशी सहित उनका पुलिस बल भी शामिल रहता है।



# अच्छे कार्य की युति गंगा समान परोपकारी होती है : प्रदीप कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद के सिद्धांत 'शिक्षा-समाज-पर्यावरण' के तहत शीत ऋतु में विभिन्न विद्यालयों में गर्म स्वेटर बांटने की श्रृंखला चल रही है उसी के तहत आज शासकीय प्राथमिक शाला सटोटी के बच्चों एवम आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म स्वेटर एवम हाउस ड्रेस का वितरण श्री प्रदीप कुमार जैन स्नेहिल, श्री विजय कुमार पवार बी आर सी , के मुख्य आतिथ्य, श्री अभिषेक वर्मा परियोजना अधिकारी महिला एवम बाल विकास , श्री उपेंद्र रजक के विशिष्ट आतिथ्य व टीचर्स वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष श्री पोहपसिंह वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सरपंच श्री रमता वर्मा , उपसरपंच श्री अंसार अली, ग्राम पटेल श्री मनीष रघुवंशी के नेतृत्व में मां शारदा का पूजन किया गया एवम छात्रों द्वारा मां की स्तुति भेंट की गई । संस्था प्रधान पाठक श्री विश्राम इनवती, शिक्षक श्री संतोष डेहरिया, श्री सुरेश विश्वकर्मा , श्री नरेन्द्र गोरले , श्री रामदयाल गौनेकर ने सभी का अभिनंदन पुष्पाहार से किया । इस अवसर पर छात्राओं व छात्रो ने देश भक्ति गीत पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये । जनशिक्षक श्री दीपक पगारे, व कार्यकारी अध्यक्ष श्री रहेशचंद्र उइके ने अभिनंदन वाचन कर जनशिक्षा केंद्र की ओर से स्वागत किया । सोसाइटी सचिव श्री राकेश कुमार मालवीय द्वारा सोसाइटी द्वारा किये गए कार्य व किये जा सकने वाले नवाचार से अवगत कराया । इसके उपरांत सभी आगंतुकों ने अपने उद्बोधन में स्कूल को मजबूत करने हेतु ग्राम वासियों को बधाई दी एवम सोसाइटी के कार्य की सराहना की । सभी अतिथियों ने मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को हाउस ड्रेस व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर-बिस्किट का वितरण किया , बच्चे खुशी से झूम उठे । इस अवसर पर शिक्षक श्री चंद्रशेखर मराठा, श्री रामदयाल कुमरे, जोन प्रभारी श्री मुकेश शर्मा, श्री अरविन्द पाटिल , श्री जोगिलाल भलावी , श्री बलराम बरकोरिया , श्री जयदेव सरयाम, श्री नरेंद्र गोरले, श्री गुमानसिंह बम्होरे, श्री कैलाश ठाकुर , श्री कोमल प्रसाद चौरे , श्री राजकुमार सोनी , श्रीमती सावित्री उइके, श्रीमती सुनीता मसराम, श्रीमती शिववती कुमरे, श्रीमती सुलोचना सरयाम , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पालक गण, माताएं , पंचायत पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## बजरंग दल प्रखंड दमुआ के सहसंयोजक नियुक्त गगन सोनी



**दमुआ।** गत दिनों जिले से पधारे विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री गोलू सूर्यवंशी विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि ऊईके जी के अनुशंसा से बजरंग दल प्रखंड दमुआ का सहसंयोजक का दायित्व गगन गुंजेश सोनी को सोपा गया सह संयोजक के पद पर नियुक्त होने पर श्री गगन गुंजेश सोनी दमुआ को सभी शुभचिंतको दोस्त मित्र धर्म प्रेमियों बंधु एवं बजरंगियों व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गन्ने के दाम बढ़ाने और ट्रांसफार्मर व नहर की समस्या के संबंध में दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह के नेतृत्व में चाँद में क्षेत्र के किसानों व आमलोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय चांद में सौपा।ज्ञापन में किसानों को गन्ने के रेट 350 रुपए क्विंटल दिलाये जाने, ट्रांसफार्मर जलने पर किसानों को तुरंत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने, रेत की अवैध खनन को रोकने व क्षेत्र में चल रहे नहर के निर्माण कार्यों में काम तेजी लाने की मांग की गई साथ ही कुछ क्षेत्रों में वोल्टेज की समस्या आ रही है इन सभी समस्याओं के संबंध में चाँद तहसीलदार को अवगत कराते हुये ज्ञापन सौपा गया व जल्द से जल्द इन समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। समस्याओं के निराकरण न होने की दशा में चांद ब्लॉक में एक बड़ा किसान आंदोलन की बात भी कही गई है। इस मौके पर चौरई विधायक चौधरी सुजीतसिंह व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज पटेल के साथ ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी चाँद के सभी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व बड़ी संख्या किसान बंधु उपस्थित रहे।

# तिरोड़ी परख क्वलिटी सर्कल टीम बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में राष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल सम्मेलन का आयोजन रामदेव बाबा इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में 4 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित किया गया था जिसका आज समापन हो गया. सम्मेलन में 175 संस्थानों की 2000 क्वालिटी सर्कल टीमों ने भाग लिया. जिसमें क्वालिटी सर्कल अवधारणा पर आधारित "लघु प्रहसन" प्रतियोगिता में दिनेश कनोजे लिखित और निर्देशित " छोड़ो कल की बातें" प्रस्तुत कर मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी की परख क्वालिटी सर्कल टीम ने उप विजेता का प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किया. इस टीम में मंगलू प्रसाद कठौते, हुबलाल जेठूमल, अखिलेश कुमार, तीरथ वर्मा और दिनेश कनोजे मुख्य भूमिका में थे. इसके पूर्व भी परख क्वालिटी सर्कल ने हैदराबाद, कानपुर, चेन्नई, मैसूर, वाराणसी, कोयंबटूर में भी पुरस्कार अर्जित किया है. तिरोड़ी मार्यल के अधिकारियों ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है. बता दें कि 'डोजर मशीन के डंपर पुल्ली के माउंटिंग बोल्ट के बार-बार टूटने की समस्या का समाधान' विषय पर अपनी केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए 'एक्सीलेंस अवार्ड' जीता. परख क्वालिटी सर्कल टीम के मार्गदर्शक आर.यू. सिंह, कोआर्डिनेटर दीपेन्द्र पानतावने, फैसिलिटेटर आनंद बागड़े, डिप्टी फैसिलिटेटर संजीव पंडा, टीम लीडर दिनेश कनोजे, डिप्टी टीम लीडर मंगलू प्रसाद कठौते और सदस्यों में अखिलेश कुमार, हुबलाल जेठूमल एवं तीरथ वर्मा शामिल थे।

सिर पर मारकर किया घायल, पुलिस में मामला दर्ज

# बीच सड़क में हुए दो युवकों में विवाद में एक घायल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी नगर में इन दिनों देखा जा रहा है असामाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, थोडी से बात पर से लोहे की रॉड सहित हथियार निकालकर मारपीट किये जाने की घटना को अंजाम दे देते है। ऐसा ही एक मामला 8 जनवरी को नगर मुख्यालय में घटित हुआ जहां लांजी बस स्टैण्ड के समीप सिविल अस्पताल लांजी के सामने दो युवक ने एक युवक पर हमला कर लोहे की रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें घायल युवक को सर पर गहरी चोट है। घटना के संबंध में प्रार्थी अश्विनी पिता पीतमलाल कश्यप निवासी हॉउबाग लांजी ने बताया कि मै ईट्ट भट्टे का काम करता हूं 8 जनवरी को मै अपने साथी नंदकिशोर रणदिवे के साथ ग्राम चिखली से लांजी अपनी मोटर सायकल से वापस आ रहा था जैसे ही हम सिविल अस्पताल लांजी के पास पंहुचे ही थे बगल से एक पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जी 2818 का चाल रितीक उर्फ छोटू कावरे जाति ढीमर ने अपनी पिकअप वाहन को तेज चलाकर थूक दिया जो थूक मेरे चेहरे पर आया तो मैने उसकी पिकअप को आगे रोककर रितीक उर्फ छोटू कावरे से पूछा कि मेरे उपर क्यू थूका तो वह मूझे गंदी गंदी गालियॉ देने लगा और पिकअप वाहन मे रखी लोहे के लीवर से मेरे सर पर वार कर मार दिया जिससे खून निकलने लगा फिर मेरे साथी नंद किशोर रणदिवे बीच बचाव करने आया तो रितीक का साथी ने नंदकिशोर को भी हाथ मुक्के से मारपीट कर कपड़े फाड़ दिया है। प्रार्थी के इस कथन के आधार पर लांजी पुलिस के द्वारा आरोपी रितीक उर्फ छोटू कावरे एवं उसको एक साथी दोनो निवासी ढिमर मोहल्ला लांजी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की विवेचना लांजी पुलिस के द्वारा की जा रही है। पुलिस के द्वारा घायल अश्विनी कश्यप का डाक्टरी मुलाहिजा भी करवाया गया है जिसमें डाक्टर से सर पर चोट होना बताया है।

# मोहझरी को हराकर भानेगांव बनी टेनिस बॉल प्रतियोगिता की विजेता

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भानेगांव अभिषेक ठाकरे की स्मृति में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब भानेगांव के तत्वाधान में विगत 29 दिसंबर से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हाई स्कूल ग्राउंड भानेगाँव में किया गया था। जिसमें भानेगांव की टीम ने ग्राम मोहझरी की टीम को हराकर प्रतियोगिता में बाजी मारी। जानकारी अनुसार मोहझरी टीम ने भानेगांव की टीम को 53 रनो का टारगेट दिया था जिसको भानेगांव टीम ने 9 विकेट खोकर 7.3 ओवर में ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीम भानेगांव को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रूपये, एवं उपविजेता टीम मोहझरी को द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में 29 दिसंबर से लीग मैच खेले गए, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। वहीं आज 8 जनवरी को प्रतियोगिता का फ ईनल मुकाबला खेला गया। फाईनल मुकाबले में मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, रेवाज़ी करहटकारे, राम ठाकरे,लक्ष्मण चुट्टानी, अनिल ठाकरे, अमृत ठाकरे, धनीराम ठाकरे , चंद्रभूषण चौहान प्राचार्य उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैटसमैन, बेस्ट विकेटकीपर, बेस्ट ऑलराउंडर के खिताबो से नवाजा गया।



## मोक्ष मार्ग नव्वाणु यात्रा से लौटे जैन आराधक

**कटंगी।** जिन शासन में अंतत महिमाओं से सुशोभित और पूर्णता शाश्वत श्री शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा की यात्रा कर सोमवार की शाम कटंगी शहर के जैन समाज के सभी 10 आराधक सकुशल अपने घर को लौट आए. यात्रा कर लौटने पर आराधकों का जैन समाज ने सिनेमा चौक में बाजे-गाजे के साथ पुष्प वर्षा कर जोरदार तरीके से स्वागत सत्कार किया. वहीं आराधकों ने पैदल यात्रा कर श्वेताम्बर सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की. जिसके बाद सभी आराधक अपने-अपने घर पहुंचे. अब 11 जनवरी को जैन समाज की ओर से वरघोड़ा (शोभा यात्रा) निकाला जाएगा. बता दें गुजरात में प्रमुख जैन तीर्थ-यात्राओं में से एक नव्वाणु यात्रा (99 यात्राएं) है, जो भावनगर जिले के पालीताना से की जाती है. जैन धर्म की मान्यताओं के अनुसार प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को यहीं से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी. आचार्य खरतरगच्छ भगवंत जिन पीयूष सागर सुरिश्वर म.सा. और 100 से अधिक साधु-साध्वियों के सानिध्य में इस वर्ष की यह नव्वाणु यात्रा संपन्न करवाई गई. खरतरगच्छ के 1000 वें वर्ष पर यहां भव्य आयोजन हुआ. जिसमें देश के करीब 1300 आराधक यात्रा में शामिल हुए।

लापरवाह अधिकारियों को पद मुक्त किया जाए : राकेश बनोटे

# अवैध उत्खनन का मामला: भाजपा सरकार को बदनाम कर रहे हैं अधिकारी एवं ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनपद पंचायत खैरलॉजी के पूर्व अध्यक्ष राकेश बनोटे ने विज्ञप्ति जारी करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों को पद मुक्त कर दिया जाए, जो अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं।

### कमिश्नर ने की थी शिकायत पर कार्यवाही

ज्ञात हो कि विगत दिवस जबलपुर कमिश्नर द्वारा बालाघाट जिले में आकर अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। जिसमें ठेकेदार द्वारा किए गए अवैध डंप, अवैध रूप से चल रही पोखलेन मशीन, अवैध रूप से परिवहन कर रहे डंपर जप्त किए थे। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिन अधिकारियों को अवैध उत्खनन रोकने की जिम्मेदारी शासन द्वारा दी गई थी, वह अधिकारी क्या कर रहे थे? मुख्य रूप से एसडीएम, त ह सी ल दा र , पुलिस विभाग, खनिज अधिकारी व खनिज विभाग के कर्मचारीगण अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन क्यों नहीं कर रहे थे?

### अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा हैं अवैध खनन का कार्य

श्री बनोटे ने कहा कि इन अधिकारियों की मिलीभगत से लंबे अरसे से अवैध खनन का कार्य चल रहा था। मेरे द्वारा लिखित रूप से इन अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया। किंतु उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और ठेकेदार अपनी मनमानी करता रहा। सरकार एक तरफ टोलों, ग्रामों को मुख्यालय से जोडने के लिए नई सडक़ों का निर्माण कर रही हैं, तो दूसरी ओर अवैध रूप से डंपर चला कर ठेकेदार अधिकारियों से मिलकर उन सडक़ों को ध्वस्त एवं सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं।

### भाजपा संगठन को भी रेत माफिया के कार्यो से कराया था अवगत

उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में भाजपा संगठन को बार-बार अवगत करवाया गया था कि रेत माफिया जिले को खोखला कर रहे हैं एवं विधानसभा चुनाव में हमें क्षति पहुंचा सकते हैं। लेकिन इस ओर संगठन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। रेत माफिया के कारण विधानसभा चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व क्षति पहुंची। ग्रामीणजनों द्वारा सी एम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर रेत ठेकेदार शिकायतों को बिना जांच के ही अधिकारियों से मिलकर रद्द करवा देते थे। श्री बनोटे से शासन से मांग की हैं कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों एवं रेत ठेकेदार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए एवं इन्हें अविलंब पद मुक्त किया जाए।

विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

# पुलिस थानों के परिसीमन को लेकर हुई बैठक : नांदी-परसवाड़ाघाट के बीच नई पुलिस चौकी बनाने की एक राय उठी मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



राज्य सरकार ने करीब 10 साल बाद पुलिस थानों के परिसीमन को लेकर तैयारी की है. जिसके चलते प्रदेश भर के थानों के परिसीमन को लेकर पुलिस अधिकारी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुझाव ले रहे है. इन सुझावों की एक रिपोर्ट तैयार कर स्थानीय पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजेंगे और इसी माह के अंत तक पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी. जिसके बाद पुलिस थानों के परिसीमन पर गृह विभाग निर्णय लेगा. इसी सिलसिले में रविवार की शाम जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में कटंगी अनुविभाग के पुलिस थानों के परिसीमन और आपराधिक गतिविधियों पर किस तरह पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकता है इस पर राय लेने के लिए बैठक की गई. बैठक में कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी, एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणिक मणी कुमावत, तहसीलदार छवि पंत, कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, तिरोड़ी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, महकेपार चौकी प्रभारी सुरेन्द्र उइके सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. जनप्रतिनिधियों ने बैठक में अपने-अपने सुझाव साझा किए साथ ही कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस को किस तरह से काम किया जाना चाहिए और कहा लापरवाही बरती जा रही है. इन बातों को विस्तार से रखा गया.

**नई पुलिस चौकी शुरू करने दिया गया सुझाव:** बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जिन ग्रामीण अंचलों के आस-पास आपराधिक गतिविधि सामान्य तौर पर अधिक है या फिर थानों से गांवों की दूरी अधिक है जहां किसी भी घटना के बाद आसानी से पुलिस नहीं पहुंच पाती ऐसे गांवों को चिन्हित करते हुए नई पुलिस चौकी शुरू करने का सुझाव दिया है. बैठक के दौरान अधिकांश लोगों ने नांदी से परसवाड़ाघाट के बीच और गर्रा से रामपायली सड़क मार्ग पर मिरगपुर के आस-पास पुलिस चौकी बनाने का सुझाव दिया है. दरअसल, वर्तमान परिस्थिति में देखा जा रहा है कि कई गांवों की तहसील अन्य और थाना अन्य तहसील में है. इन स्थितियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने जिले भर के अपने मातहत पुलिस अधिकारियों से संबंधित थाना इलाकों की रिपोर्ट मांगी गई है. जिसमें कौनसा इलाका नया जोड़ना है और कौनसा अलग करना है. यह रिपोर्ट तैयार करने को कहां गया है.

**अपराधियों की पहचान के लिए लगाए सीसीटीवी कैमरे:** बैठक में एसडीओपी माणिक मणि कुमावत ने बताया कि अपराधों पर नियंत्रण और अपराधियों की सटिक पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे की डिमांड भेजी गई है जिसमें कटंगी थाना क्षेत्र में 09 और तिरोड़ी के लिए 07 सीसीटीवी कैमरे मांगे है. इस पर विधायक ने कहा कि कैमरों की संख्या को बढ़ाया जाए ताकि संवेदनशील एरिया, बार्डर पर निगरानी रखी जा सकें. हर थाना और चौकी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों को ऐसी जगह लगाया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति इन कैमरों की पहुंच से बचे ना तभी अपराध पर नियंत्रण लग सकता है।

**खबर संक्षेप**

### 9वी राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 13 एवं 14 जनवरी 2024 को अरुणाचल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में 9वी राज्य स्तरीय सेपक टेकरा प्रतियोगिता का आयोजन सिवनी सेपक टेकरा एसोसिएशन के द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें लगभग 15-16 जिलों की टीम में भाग लेंगे यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग दोनों के लिए आयोजित की जा रही है जिसमें 14 वर्ष से कम 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक तीनों कैटेगरी में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इसके लिए बच्चों का अभ्यास अरुणाचल पब्लिक स्कूल मैदान में शाम 4.30 बजे से कराया जा रहा है जिसमें नैशनल खिलाड़ीयो कोच तुषार, प्रबल नामदेव,, राम स्वरूप डेहरिया, अनिल कनौजिया, रघुनाथ निर्मलकर, के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# संतोष चौबे मानव मित्र मानव अधिकार आयोग को 2 वर्ष की सजा

पीड़िता जो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी थी एवं सिवनी में पदस्थ थी को आरोपी संतोष चौबे पिता सीपीचौबे उम्र 31 वर्ष निवासी भैरोगंज जो कि आयोग मित्र, मानव अधिकार आयोग सिवनी,में कार्य कर रहा था ने पीड़िता के मोबाइल में अपमान कारित मैसेज कर मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिसकी लिखित शिकायत पीड़िता ने थाना कोतवाली सिवनी में की थी, कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक, 687/2015, धारा 354D,509 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कि न्यायालय में प्रस्तुत किया था। शासन की ओर से अजय सलाम सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने पर भी करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष साक्ष्य और सबूत प्रस्तुत किया तथा अपने अंतिम तर्क के दौरान उन्होंने बताया कि जब एक प्रशासनिक सेवा की अधिकारी ही अपने कर्तव्यों के दौरान सुरक्षित नहीं है तो अन्य महिलाओं का उनके कार्य के दौरान कितना शोषण होता होगा। माननीय न्यायालय द्वारा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के तर्क से सहमत होते हुए दिनांक 6.1.2024 को आरोपी संतोष चौबे को धारा 354D भादवि में 2 वर्ष के कठोर कारावास से एवं धारा 509 भादवि में 1 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया।

# चिकित्सा विभाग के शासकीय आवास पर बाबू राज

**शहीद भगत सिंह वार्ड बस स्टैंड के समीप चिकित्सा विभाग के आकस्मिक सेवाओं के अधिकारियो व कर्मचारीयों हेतु आवास बनाए गए हैं। किंतु आकस्मिक सेवाओं से जुड़ी नर्सिंग ऑफिसर्स को आवास आवंटित न करते हुए यहां पर स्वास्थ्य विभाग के बाबू निवासरत है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला चिकित्सालय में लगभग 15 से 20 वर्षों से सेवाएं देने वाली नर्सिंग ऑफीसरों के द्वारा सत्र 2022-23 में भी आवास के लिए आवेदन किए गए थे। सीएमएचओ के एक बाबू के जिला कटनी स्थानांतरण होने पर रिक्त आवास हेतु लगभग 50 स्टाफ नर्स के द्वारा आवेदन किए गए।

किंतु उस रिक्त आवास को किसी भी आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों को आवंटित ना करते हुए विभाग के ही एक बाबू के द्वारा पुनः कब्जाया गया। मजे की बात यह है कि इसी परिसर में उस बाबू के नाम से एक आवास पूर्व से ही आवंटित है। जहां 20 से 25 वर्ष की सेवाएं देने वाली नर्सिंग ऑफिसर या स्टाफ नर्स जो की अन्य जिलों की हैं व आकस्मिक सेवाएं दे रही है वे किराए के मकान में निवासरत है और यहाँ एक ही व्यक्ति के पास जो यही का निवासी भी हैं,दो आवास है। यह भी देखने को मिला है कि यहां पर आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के स्थान पर गैर आकस्मिक व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को भी आवास आवंटित है। जबकि होना यह चाहिए की आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी स्टाफ नर्स या नर्सिंग ऑफिसर को यह आवास आवंटित किया जाना चाहिए जो 24 घंटे जनमानस को अपनी सेवा देने तत्पर रहते हैं। आवास आबंटन में वरिष्ठता, मेरिट या रिजर्वेशन नियमों को दरकिनार करते हुए, इस तरह मध्य प्रदेश शासन के आवास आवंटन के नियमों को ताक पर रख मजाक बनाया जा रहा है।



## महाकालेश्वर धाम में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाकालेश्वर मंदिर बोरदई टेकरी मैं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थी दिवस कथा व्यास पंडित दीपक मिश्रा द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्म की कथा गई सुनाई गई भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा भाद्रपद की अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में श्री वासुदेव जी की पत्नी देवकी जी के गर्व से भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ महाकालेश्वर धाम में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी श्रद्धालुओं ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया



# नगर में शोभा यात्रा निकालकर भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सोमवार से बैनगंगा नदी तट पर संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, प्रथम दिवस नगर के पुराने बाजार स्थित राम मंदिर से पूजन पाठ पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जो की नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची और थाने के सामने से होते हुए कथा स्थल बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में समाप्त हुई, उक्त शोभायात्रा एवम कथा वाचक कन्हैया महाराज का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।

ज्ञात हो कि उक्त सार्वजनिक संगीतमय भागवत कथा का बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में कई वर्षों से जनवरी माह में आयोजन हो रहा।

### रुद्री निर्माण अभिषेक का आयोजन:

इस वर्ष उक्त भागवत कथा बरसाना से पधारे कथा व्यास कन्हैया महाराज के मुखार बिंद मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी तक जारी रहेगी। वही मंगलवार से प्रतिदिन सुबह 8आठ बजे से रुद्री निर्माण अभिषेक पूजन एवम दोपहर 1बजे से 5 बजे तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाना है।

राज्य स्तरीय मोगली उत्सव आयोजन

# बच्चों ने देखा टाइगर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आयुक्त मैडम श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं श्रीमती नीरजा गोरे वरिष्ठ कार्यालय प्रतिनिधि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश की उपस्थिति में राज्य स्तरीय मोगली उत्सव का आयोजन जिला सिवनी में किया जा रहा है। माननीय कलेक्टर के मार्गदर्शन में श्रीमती नीरजा गोरे मैडम नोडल एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे सिवनी आर आर मेहता सहायक संचालक द्वारा हरी झंडी दिखा कर छात्रों को सफारी में भेजा गया। छात्रों ने वन्य प्रदेश में भ्रमण करते हुए टाईगर को देखा। मार्गदर्शी शिक्षकों एवं मध्य प्रदेश के 50 जिले से मोगली उत्सव प्रतियोगिता में चयनित होकर पहुंचे कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग से एक-एक छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। मोगली उत्सव में शासन के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं को तीन ग्रुप मोगली बघीरा एवं का में विभाजित किया गया इसमें प्रथम ग्रुप सफारी द्वितीय नेचर ट्रेल एवं तृतीय ग्रुप ट्रेंजरहंट एवं हैबिटेट के लिए मार्गदर्शी शिक्षकों एवं सहजकर्ताओं के साथ वन विभाग पुलिस विभाग और शिक्षकों सहित वन्य प्रदेश में भ्रमण हेतु गया सफारी में गए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा टाइगर देखा गया छात्र बहुत ही उत्साहित एवं प्रफुल्लित रहे छात्रों के लिए जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता जैसे रोचक कार्यक्रमों को समाहित किया गया ताकि छात्र-छात्राएं प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकें पर्यावरण में बढ़ रहे विभिन्न प्रकार की प्रदूषणों के कारण एवं निवारण पर मार्गदर्शन एवं जागरूकता के लिए आयोजन स्थल पर तीन दिवसीय पृथ्वी बचाओ प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रदूषणों के कारण एवं उनके निवारण पर विज्ञान शिक्षक श्री डॉ दिनेश गौतम द्वारा मार्गदर्शन दिया गया वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई छात्रों को सुबह 6:00 बजे सफारी नेचर ट्रेल ट्रजरहंट हैबिटेट के लिए अलग-अलग ग्रुपों में बस एवं सफारी गाड़ी में सुरक्षित बैठा ले जाया गया।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर पीस वॉक का आयोजन

**अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट कहती है ,हमारा भारत विश्व के सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला युवा भारत है ,अर्थात युवाओं की विश्व में सर्वाधिक आबादी भारत में है ।युवाओं को स्वकल्याण ,विश्वकल्याण व देश समाजकल्याण के लिए श्रेष्ठ दिशा निर्देशित किया जाए, तो निश्चित ही हमारा भारत वर्ष विश्व का दाता भारत होगा**

### भारत को विश्व गुरु बनाने में युवा की भूमिका विषय पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उक्त उद्गार ब्रह्मा कुमारीज सिवनी के जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किया। आगे ज्योति दीदी ने बताया कि समाज में अनुभवी एवं बुजुर्ग वर्ग अनुभवी दृष्टिकोण के कारण दूर दृष्टि से सोच सकता है, वह ,मेन आफ विजडम होता है ,किंतु विजन को प्रैक्टिकल रूप देने वाला युवा ही होता है, मेन आफ एक्शन होता है , युवा शक्ति को यदि सामाजिक कल्याण महिला कल्याण युवा कल्याण आध्यात्मिक सशक्तिकरण नैतिक मूल्य उत्थान की आर्थिक सांस्कृतिक सशक्तिकरण की ओर अग्रेषित किया जाए ,तो निश्चित ही हमारा भारत वर्ष विश्व के हर क्षेत्र में पुनः देने वाला दाता होगा ,तब सारा संसार भारतवर्ष को विश्व दाता विश्व गुरु के रूप में दिल से स्वीकार करेंगे ।आगे ज्योति दीदी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष में दो विशेष कार्यक्रम आयोजित जिसमें 12 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है प्रथम युवा पीस वॉक होगा जो दोपहर 12:00 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान बारापत्थर के पास भाजपा कार्यालय के सामने से आरंभ होकर शांतिपूर्ण पदयात्रा करते हुए युवाजन भैरोगंज मुंगवानी रोड स्थित ब्रह्माकुमारी शांति शिखर परिसर में समापन होगा , पीस वॉक के बाद आरंभ होगा उक्त कार्यक्रम भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं की भूमिका जैसे अति विशेष विषय पर होगा । कार्यक्रम का संयोजन ब्रह्माकुमारी गीता दीदी जी करेगी ,ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने सिवनी नगर व जिले वासियों से सर्वाधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जन करने की एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर हम सभी जिलेवासी संगठन की शक्ति द्वारा भारत को विश्व गुरु बनाने के कार्य का शुभारंभ करने कीअपील की है।



### आल इंडिया व्हालीबाल टूर्नामेंट का आयोजन

**केवलारी-** फ्रेंडस क्लब के द्वारा प्रतिबर्ष आयोजित होने बाले आल इंडिया व्हालीबाल टूर्नामेंट का आयोजन 11 जनवरी 2024 को शुभारंभ होगा । प्रथम मर्तबा केवलारी बस स्टैंड मैदान में आयोजित होने वाले वॉलीबॉल टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ पुलिस टीम ,मुंबई सिटी महाराष्ट्र, गुड़गांव हॉस्टल उत्तराखंड, देहरादून हॉस्टल हरियाणा, युपी स्पाडर्स उत्तरप्रदेश, पंजाब हॉस्टल पंजाब,पुणे स्पाईस, केरल हॉस्टल जबलपुर रेलवे नो टीम भाग लेगी। जिसमें प्रथम विजेता टीम को 30 हजार एवं ट्राफी द्वितीय विजेता को 20 हजार एवं ट्रॉफी तृतीय विजेता को 10 हजार रुपया उपरोक्त पुरुस्कार नगर के व्यापारी खेल प्रेमी सुनील अग्रवाल जी के माध्यम से प्रदत्त किया जाएगा। 11 जनवरी से शुरू टूर्नामेंट 13 जनवरी 2024 तक आयोजित होगा

### वंडर वर्ल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**लखनादौन-** विगत दिवस वंडर वर्ल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल लखनादौन में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के लगभग सभी 360 बच्चों ने भाग लिया। शिक्षकों और बच्चों की कड़ी मेहनत से उक्त आयोजन सफल रहा। वार्षिकोत्सव के पहले दिन खेलकूद कार्यक्रम रहे जिसमें छोटे बच्चों की जोकर, रेसु वनी रेस, बड़े बच्चों द्वारा भाला फेंक दौड़ और विज्ञान प्रदर्शनी और व्यंजन मेला को आयोजन किया गया। विज्ञान बहुत अच्छे वर्किंग मॉडल थे। व्यंजन मेला में भी बहुत स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों द्वारा लाये गए थे। तीसरे दिन संध्या समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये। जिसके मुख्य अतिथी सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ नगर के गणमान्य नागरिक नप अध्यक्ष मीना गोल्हानी, जनपद उपाध्यक्ष दीपक निगम सहित संजय तिवारी, श्री चक्रधर शर्मा थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों मुख्य आकर्षण एरियल एक्ट था जिसने सभी दर्शकों मन मोह लिया उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों उत्साह वर्धन किया इसके साथ ही शिवपार्वती, गणेशा, पेट्रोयोटिक ए.पी.जे कलाम जैसी प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रही।

# लखनवाड़ा पुलिस ने अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा कर 24 घंटे के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम सिमरिया हथनापुर निवासी प्रार्थी आकाश डहेरिया पिता मूलसिंह डहेरिया ने दिनांक 07.01.2024 को रिपोर्ट लेख कराया कि चाचा प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया पिता धनपत डहेरिया उम्र 37 वर्ष नि.ग्राम सिमरिया हथनापुर का दिनांक 06.01.2024 को रात करीबन 07.30 बजे खाना खाकर घर से घूमने के लिये निकला था देर रात में घर नही आया तो हमने सोचे की कहीं दोस्तो के साथ घूमने चला गया होगा इसलिये रात में तलाश नही किये। दिनांक 07.01.2024 के सुबह 7.30 बजे प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया की गांव में तलाश कर रहे थे तलाश के दौरान प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया के खेत का कुंआ में जाकर देखे तो एक व्यक्ति मृत अवस्था में पानी में उत्तराता हुआ दिखा जिसके कपडे एवं हुलिया से पहचान किये जो प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया का शव था। फिर गांव के कोटवार प्रभुदयाल डेहरिया को बताया और अपने अन्य रिश्तेदार को बताया जो कुआ के पास पहुचे तो सभी ने हुलिया के आधार पर प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया के रूप में शिनाख्त किये रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 02/2024 धारा 174 जा. फौ. पंजीबध्द कर जांच में लिया गया। मर्ग कायम के पश्चात थाना लखनवाड़ा प्रभारी सी. के. सिरामें मय थाना स्टाफ के ग्राम सिमरिया पहुच प्रारंभिक कार्यवाही की गई कार्यवाही के दौरान घटना स्थल मृतक प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया पिता धनपत डहेरिया के खेत के कुआ में मृतक प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया का शव मिला मृतक के सिर में चोट एवं कुआ के आसपास झडप के निशान मिले बाद शव पंचनामा कार्यवाही, घटना स्थल निरीक्षण, परिस्थिति जन साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य, घटना स्थल से जप्तशुदा प्रदर्श, जिला अस्पताल सिवनी से शव का पी एम कराया गया शार्ट पी. एम रिपोर्ट में डाक्टर साहब व्दारा प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया की मृत्यु सिर में आई चोट के कारण होना लेख करने पर मर्ग जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के विरूध्द प्रथम दृष्टया अपराध धारा 302 ताहि. का पाये जाने अपराध क्रमांक 14/2024 धारा 302 ताहि. अज्ञात आरोपी के विरूध्द दिनांक 07.01.2024 को कायम कर विवेचना मे लिया गया।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने पर पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह, अनु. अधि. पुलिस श्री पुरूषोत्तम मरावी, घटना स्थल पर पहुचे घटना स्थल का मौका मुआयना कर हत्या का प्रकरण होने से थाना प्रभारी थाना लखनवाडा को थाने के स्टाफ से विभिन्न टीमे बनाकर अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशो पर थाने से विभिन्न टीमे बनाई गई एवं फिगर प्रिटं टीम, एफएसएल टीम, सायबर सेल टीम के व्दारा घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही की गई। दिनांक 08.01.2024 को गांव में विवेचना के दौरान पूछताछ पर मृतक की बहन एवं अन्य गवाहो ने बताये कि प्रमोद उर्फ परसराम डेहरिया दिनांक 06.01.2024 को ग्राम के संदेही रामराज पिता नारायण डहेरिया उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम सिमरिया का प्रमोद डहेरिया के खेत तरफ ही जाते दिखे थे किन्तु वापसी में रामराज डहेरिया अकेला वापस आते दिखा प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया उसके साथ आते नही दिखा जो संदेही रामराज डहेरिया पिता नारायण डहेरिया से हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसनें जुर्म स्वीकार करते बताया कि प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया ने मुझसे दस हजार रूपये उधार लिया था जो रूपये मागने पर प्रमोद उर्फ परसराम डहेरिया व्दारा नही देने के कारण घटना को अन्जाम दिया जो आरोपी को दिनांक 08.01.2023 को गिरफ्तार किया गया। सराहनीय भूमिकाः- निरी.सी. के. सिरामें, उनि. प्रमोद भारव्दाज, उनि शेख रफीक खान, सउनि बारेलाल डहेरिया, प्र.आर 271 राजेश माथरे, प्र. आर. 214 योगेन्द्र चौहान, प्र.आर 329 संतोष उइके, आर.202 शिवदीप ठाकुर, आर. 535 अरूण झरे, आर. 761 गोविन्द डहेरिया, थाना स्टाफ ।

### पिकअप वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पंचवटी ढाबा के समीप गणेशगंज और सुनवारा रोड पर एक सड़क हादसा हो गया। जहां पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर घायल है।

## छात्रवृत्ति पोर्टल खोले जाने की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में इन दिनों छात्रवृत्ति पोर्टल बंद होने व छात्रवृत्ति न मिलने से स्टूडेंट्स काफी परेशान नजर आ रहे है। जहां शीघ्र छात्रवृत्ति की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विद्यार्थियों ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। साथ ही इदर सिंह परमार उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा है।

### गोवंश भरा कंटेनर को पुलिस ने पकड़ा

थाना बंडोल जिला सिवनी पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह साहब के कुशल मार्गदर्शन में **adsp** जेपी शर्मा ,**sdop** पुरुषोत्तम मरावी जी निर्देशन मेंदिनांक 7.1.2024 की दरमियानी रात करीब ४:१५बजे कंटेनर ट्रक**nl** 01 **ah**0834 में 43 गोवंश भरकर शिवपुर से नागपुर कत्ल खाने काटने ले जा रहे थे विश्वसनीय मुखर से प्राप्त सूचना पर बंडोल पुलिस थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अमर उके आरक्षक राजेश सरेआम, दीपेश रघुवंशी, सतीश पाल, नीरज,मार्को, राजपूत और हंड्रेड डायल पायलट के द्वारा कड़ी मेहनत परिश्रम करके आरोपियों को मय कंटेनर के पकड़ा गया वे धा निक कार्यवाही जारी है ।१, फिरोज पिता मक्स। तुन खान उम्र 24 साल निवासी चांद की धा नी आमपु रा तहसील मालपुरा जिला टोंक डिग्गी राजस्थान,२,, प्रधान जाट पिता धू लाराम जाट उम्र 35 वर्ष निवासी प्रतापपुर चो सला टोंक राजस्थान ओके तो दोनों आरोपियों के विरुद्ध अगर किसी थाना चौकी में कोई स्थाई वारंट ,वारंट या अपराध पेंडिंग हो तो थाना बंडोल तत्काल संपर्क करें।



# महिला पतंजलि द्वारा मनाया गया पतंजलि संस्थान का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

योग आयुर्वेद स्वदेशी एवं वैदिक संस्कृति के माध्यम से निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष करते हुए आज 5 जनवरी को पतंजलि संस्थान के गौरवशाली 29 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के आर्ची पुरम क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हवन व पूजन का आयोजन करके पतंजलि संस्थान का स्थापना दिवस महिला पतंजलि समिति सिवनी द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम में समिति की सभी पदाधिकारी बहनें, कर्मठ कार्यकर्ता बहनें,व अन्य बहने उपस्थित रहीं।

### कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सांई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

# लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मप्र कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष अभय तिवारी, प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी संदीप गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बैठक संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया वह सशक्त माध्यम है जो घर बैठे जनता तक अपने विचार पहुंचाने का कार्य करती है। चाहे वह राजनैतिक मामले हो, देश की अर्थव्यवस्था के मामले हों या सामाजिक मुद्दे हो सोशल मीडिया के द्वारा सभी गतिविधियों की जानकारी देश-प्रदेश के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति तक पहुंच जाती है। श्री पटवारी ने कहा कि हमें कांग्रेस की मानसिकता और कांग्रेस के प्रति विचारों को लोगों की भावनाओं में लाना होगा। आज हम विपक्ष में बैठे हैं और हमारी जबावदारी है जनता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ना, जो सोशल मीडिया के माध्यम से हमें पूरी ताकत के साथ लड़ना है। भाजपा केवल नफरत और घृणा की राजनीति करती है और कांग्रेस भाईचारा की राजनीति करती है। देश आर्थिक परिस्थितियों के चलते महंगाई, बेरोजगारी और संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि आज काम्पटीशन का दौर है, सोशल मीडिया के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पार्टी की भावनाओं, रीति-नीति को जनता तक पहुंचाना है। सोशल मीडिया में अच्छे कार्य करने वाले की रेकिंग बनायें। आगामी समय में ब्लाक और मण्डलम अध्यक्षों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन किया जायेगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी संदीप गुप्ता ने भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ों न्याय यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा मप्र के 9 जिलों से होकर गुजरेगी, जो 700 किलोमीटर तक 7 दिन में पूर्ण करेंगी। सोशल मीडिया के एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह यात्रा को ज्यादा से ज्यादा सफल बनाने के लिए प्रभावी तरीके से कार्य करें। सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष अभय तिवारी ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया में कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों और सोशल मीडिया पर कार्य कर रहे सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल पर सोशल मीडिया कार्य कर रही है। लोकसभा की तैयारी के लिए सोशल मीडिया पूरी तरह एक्टिव है पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्य करेगी। बैठक में प्रदेश भर से आये सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों ने भी अपने विचार और सुझाव सांझा किये। बैठक का संचालन सोशल मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अभिनव बरोलिया ने किया जिसमे कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग सिवनी जिले के अध्यक्ष ऐश्वर्य सुमित मिश्रा, जिला सचिव करन जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टिकेंद्र देशमुख जी,लखनादौन समन्वयक भाई इंद्रकुमार सेन, केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष आनंद कौशल (चिंटू), लखनादौन विधानसभा महासचिव रिंकू सेन,सचिव प्रेमशंकर सेन की उपस्थिति रही ।

**खबर संक्षेप**

### पंजीकृत किसान 3 तिथियों में कर सकते है, स्लॉट बुकिंग

**बालाघाट।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिये शेष रहे पंजीकृत किसानों के स्लॉट बुकिंग के लिये शासन द्वारा 3 तिथियॉ 10, 11 व 12 जनवरी निर्धारित की गई है। पंजीकृत किसान इन तिथियों में अपने धान के विक्रय के लिये ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करवा सकते है।

### कल होगा बुनकर शिल्पियों के लिये विशाल शिविर का आयोजन

**बालाघाट।** संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड वारासिवनी द्वारा केंद्र शासन की स्वीकृत राष्ट्रीय हाथकरघा विकास कार्यक्रम अंतर्गत बेस लाईन सर्वे मद में बुनकर शिल्पियों के लिये विशाल शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन 10 जनवरी को रामपायली रोड स्थित सॉई लॉन वारासिवनी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल



**बालाघाट।** भरवेली के शंकर मंदिर के पास दो बाइकों में आपस में भिड़त हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो युवक घायल हो गए। जिसमें एक युवक की गंभीर हालत होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए परिजन गोंदिया लेकर गए है। वहीं तीनों घायल युवक भरवेली के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार रेसर बाइक को रोशन डेहरिया चला रहा था, जबकि उसका दोस्त सौरभ पिता सुंदरलाल पंचेश्वर उसके साथ बैठा था। जबकि अन्य बाइक में शैलेष पिता सुकलाल दमाहे था। जिसकी बाइक को पीछे से रोशन डेहरिया की बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक में सवार तीनों युवक घायल हो गए। जिसमें रेसर बाइक चालक रोशन की मौत हो गई। घटना के बाद तीनों को ही जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां युवक शैलेष की हालत गंभीर होने पर उसे रिफर कर दिया गया है। जबकि सौरभ का जिला चिकित्सालय में ही उपचार किया जा रहा है।

### कायदी में ऑल इंडिया व्हालीवाल स्पर्धा का हुआ समापन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी में 4 दिवसीय ऑल इंडिया व्हालीवाल स्पर्धा का आयोजन लगातार 8 वें वर्ष भी सफलतापूर्वक किया गया। इस स्पर्धा में पुरूष वर्ग से सीआईएफ रांची, केरला एयरफोर्स, कर्नाटक एकेडमी, तमिलनाडु पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस, कामठी आर्मी नागपुर, बीएसएफ जालंधर एवं सिकंदराबाद रेल्वे की टीम ने शामिल होकर खेल के जौहर दिखाए। वहीं महिला वर्ग में मदुराई तमिलनाडु, तमिलनाडु पुलिस, नागपुर, रायपुर, कलकत्ता, दिल्ली, आसाम, आगरा एवँ पुणे की महिला टीमों ने भाग लिया। जिसमें 7 जनवरी को हुए महिला वर्ग के फाइनल मैच में कलकत्ता ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर पुणे की टीम को 3-2 के अंतर से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। रविवार की रात्रि में हुए इस रोमांचक मैच में कलकत्ता की टीम एक समय आसान जीत की ओर दिखाई दे रही थी, लेकिन पुणे की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर कलकत्ता की टीम के पसीने छुड़ा दिए थे और एक समय मैच को बराबरी पर लाकर खड़े कर दिया था। लेकिन अंतिम समय में कोलकाता ने अपने अनुभव के दम पर पुणे की टीम को मात देकर महिला वर्ग की विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

# चोरी : गर्रा में एटीएम काटकर लाखों रुपए निकाले





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में चोरियों की घटनाए थमने का नाम नहीं ले रही है। वारासिवनी क्षेत्र में चोरियों की बढ़ती वारदात से लोग खौफजदा हैं। जहां विगत दिनों नेवरगांव में ज्वेलरी शॉप से लगभग 6 लाख की चोरी की वारदात की। रविवार रात वारासिवनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा में स्टेट बैंक के एटीएम में चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को उस वक्त अंजाम दिया, जब एटीएम का गार्ड छुट्टी पर था। घटना की जानकारी के बाद एसपी समीर सौरभ, एएसपी विजय डावर और एसडीओपी वारासिवनी एवं थाना प्रभारी सहित मय बल ने घटनास्थल एटीएम का निरीक्षण किया।

### कटर से काटा एटीएम, 10 लाख 85 हजार रुपए रुपए

एएसपी विजय डावर ने बताया कि रात करीब 2 से 4.30 बजे के बीच एक शख्स एटीएम में घुसते दिखाई दिया। उसने कटर से एटीएम को काटकर लगभग 10 लाख 85 हजार रुपए चोरी किए। इसकी एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है। शुक्रवार को एटीएम में राशि डाली गई थी। रविवार को आखिरी बार पैसा किसी उपभोक्ता ने निकाला था। इसके बाद रात में चोरी की वारदात हो गई।

### 73306 कृषकों से हुई धान की खरीदी

# पात्र बैगा कृषकों को जारी करे केसीसी: सीईओ पटले

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट अंतर्गत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में निवासरत पात्र बैगा कृषकों को अनिवार्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर वितरण किया जाना है । इस कार्य को सर्वच्च प्राथमिकता में ले। जिसकी समय सीमा निर्धारित है।उक्ताशय की जानकारी कलेक्टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 08 जनवरी 2024 को आयोजित वीसी के माध्यम से बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, आर.के. असाटी विपणन अधिकारी, रौनक चौकसे, राज नंदनी परिहार उपस्थित रहे। श्री पटले ने निर्देशित किया कि वर्तमान में जिले में उपार्जन का कार्य उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है जिसको लेकर शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करे। यदि निरीक्षण के दौरान कोई खामियां पाई जाती है तो कार्यवाही की जावेगी। श्री पटले ने ऋण वितरण, खाद की पर्याप्त उपब्धता, पैक्स आन लाइन, रबी वितरण, अमानत वृद्धि, वसूली, आदि विषयो पर शाखा और समितिवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### 46261 किसानों को 287 करोड़ 89 लाख का हुआ भुगतान

इस संबंध में बैंक सीईओ आर.सी. पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जनवरी 2024 की स्थिति में शाम तक 104814 किसानों ने अपना स्लॉट बुक कराया है जिसमे से 73306 किसानों द्वारा 3800794.25 क्यू. धान विक्रय किया गया है। जिसके चलते 46261 किसानों को 287 करोड़ 89 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

# चांगोटोला में पहला अंतरराष्ट्रीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गोल्डन ईगल क्रिकेट क्लब के तत्वावधान से अंतर्राष्ट्रीय लेदर बाल टूर्नामेंट ग्रीन पार्क स्टेडियम चांगोटोला में रखा गया है। जिसका शुभारंभ सोमवार 8 जनवरी से 23 जनवरी को समापन किया जाएगा। उक्ताशय पर ग्राम पंचायत चांगोटोला के सरपंच प्रमोद ठाकरे संयोजन ने बताया गया कि प्रथम बार चांगोटोला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें महाकौशल एवं अन्य राज्यों की टीम इंस प्रतियोगिता में भाग लेने आ रही है जहां उन्हें भोजन और ठहरने की व्यवस्था प्रमुख ठाकरे एवं उनके सहयोगी के द्वारा की जाएगी। प्रथम विजेता टीम को 71 हजार रुपये की नगर राशि एवं द्वितीय पुरस्कार टीम को 35 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। चांगोटोला क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ियों, युवाओं में काफी जोश का माहौल दिखाई दे रहा है, जहां मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट कीपर का भी इनाम दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत कार्यक्रम के अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वर, विधायक अनुभा मंजारे, विधायक संजय उईके, विधायक विक्की पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य स्मिता टेकाम, दीपचंद ठाकरे, विनोद बोथरा, पूरन ठाकरे, भुरू पटेल, जयराम नामल, टीकमचंद जैन, अहमद कादरी, आयोजक समिति के अध्यक्ष हरीश नाग, उपाध्यक्ष अंकित सोनी, संदीप अवधिया, कोषाध्यक्ष उमेश सोनी, सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।



### 12 जनवरी को होगा सूर्य नमस्कार का आयोजन, प्रदेश में विभाग के रैंक पर होगी समीक्षा

# 31000 से अधिक बैगा जनजाति के समग्र विकास पर विभाग का फोकस रहे: जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर सभागृह में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा और एडीएम श्री ओपी सनोडिया ने संयुक्त रूप से समयावधि पत्रों की बैठक में जिपं सीईओ द्वारा प्रधानमंत्री जन-मन योजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो की विभिन्न विभागों से जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि हितग्राही मूलक योजनाओं के अलावा संबंधित विभागों को सड़क बिजली पानी, स्वास्थ्य केंद्र, मोबाईल नेटवर्क तथा सक्रिय शौचालयों सहित अन्य विकास कार्यो पर भी फोकस करना अत्यंत आवश्यक है। खासकर सर्वे के बाद निकलकर आये 260 ग्रामों में जहां विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा निवासरत है। 7357 हाऊस होल्ड में रहने वाली 31033 बैगा जनजाति की जनसंख्या के समग्र विकास पर फोकस करना ही जन-मन योजना है। इसलिये संबंधित विभाग 15 जनवरी तक चाहे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन बैंक खाता, वनाधिकार पट्टे, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि शत प्रतिशत रूप से प्रदान करने के लिये कार्य करना सुनिश्चित करें। अभी वर्तमान में किसान सम्मान निधि के 243 हितग्राहियों में से सिर्फ 25 को सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। वहीं आयुष्मान भारत योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति के 3683 में से 358 को लाभ दिया जा रहा है। 15 जनवरी के बाद ये सारे कार्य शत प्रतिशत रूप से करना है। बैठक के दौरान सभी विभागों के विभाग प्रमुख और जनपद स्तरीय अमला वीसी के माध्यम से टीएल बैठक से जुड़ा।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा में 1913 की स्वास्थ्य जांच, 916 टीबी व 405 की सीकल सेल की हुई जांच

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर दिन कई आम नागरिक व विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले की 10 जनपदों में 20 स्थानों पर यात्रा पहुंची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गए स्वास्थ्य शिविर में 16 पंचायतों में 1913 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा 916 ने टीबी और 405 नागरिकों की सीकल सेल की जांच की गई। साथ ही भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर चुके 257 हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मेरी कहानी मेरी जुबानी में ग्रामीणों के समक्ष मंच से सुनाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बैहर जनपद के ग्राम लातरी व पाथरी, परसवाड़ा के ग्राम लगमा रै. व उकवा, लांजी के ग्राम साडरा व फोफसा, कटंगी के ग्राम धनकोषा व बोलडोंगरी, बालाघाट के ग्राम आवलाझरी व बघोली, वारासिवनी के ग्राम गर्रा व झाडगांव, किरनापुर के ग्राम पानगांव व कोकना, खैरलांजी के ग्राम डोंगरिया व भंडारबोडी, बिरसा के ग्राम झामूल व पंडरिया और लालबर्रा जनपद के ग्राम डोकरबंदी व मिरेगांव पहुंची।

## बेहरई मे हुआ पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरर्ई मे प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तत्संबंधी जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बेहरर्ई मे प्रतिवर्ष अनुसार इस भी 8 जनवरी सोमवार को 24वां वार्षिक पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ वार्षिक उत्सव मनाया गया। जो पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के सुक्ष्म संरक्षण में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह कलशयात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कलशयात्रा समाप्त की गई।इसके पश्चात दोपहर मे गायत्री मंत्र के साथ हवन यज्ञ किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं व ग्रामीणों के द्वारा आहूति डालकर पून्य लाभ अर्जित किया।इसके अलावा बच्चों के मुंडन संस्कार भी किया गया। इस पश्चात विचार गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। अंत मे महाप्रसादी वितरण कर इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बाल श्रम रोकने के लिये विभाग अपने सुत्र करेगा मजबूत

# श्रम विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सोमवार को कलेक्टर सभागृह में अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया व जिपं सीईओ की संयुक्त अध्यक्षता में श्रम विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रम कानुनों के तहत बाल श्रम रोकने के लिये सामाजिक संस्थाओं और संबंधित विभागों के द्वारा सुझाव लिये गए। अपर कलेक्टर श्री सनोडिया ने कहा कि सबसे पहले तो विभाग बाजारों में लगने वाली कई दुकानों जैसे- चाय, ढाबा, होटल, किराना दुकान, कपड़ा बाजार आदि संस्थानों मे कार्य कर रहे बाल श्रम को रोकने के लिये अपने सुत्र मजबुत करे जिससे विभाग को सूचनाएं प्राप्त हो सके। साथ ही विभाग के निरीक्षकों द्वारा समय-समय पर निजी प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षक करे। लगातार समय में अगर निरीक्षण होते रहे तो इससे कुछ बदलाव आयेगा। जिपं सीईओ श्री रणदा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच सचिवों के माध्यम से भी बाल श्रमिकों की जानकारी लेकर उन्हें शासन की विभिन्न योजनओं से जोड़ते हुये आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है।



समिति के सदस्यों ने मुख्य रूप से शहरों में छोटे बच्चों के साथ भीख मांगने वाली महिलाओं की जांच करने आवश्यक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान श्रम विभाग के नोडल अधिकारी राकेश ठाकरे, बाल श्रम के नोडल अधिकारी श्री यादव, श्रम सतर्कता समिति की सदस्य श्रीमती वीणा कनोजियॉ, श्रीमती किरण मंडावी, सिद्धार्थ संेडे और हरिप्रसाद गौतम उपस्थित रहे।

### 18 वर्ष तक के बच्चें भी स्कूल टाईम में नहीं कर सकते है कार्य

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी श्री ठाकरे ने बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 तथा बंधक श्रम (उत्पादन) अधिनियम 1976 के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में समिति के समक्ष जानकारियॉ रखी गई। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष के बाद भी 18 वर्ष तक के बच्चें कुटुम्भ के उपक्रम में स्कूल टाईम में भी कार्य नहीं कर सकते। इसके अलावा अधिनियम 1986 के संसोधित प्रावधानों 2016 के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु का सभी प्रकार के कार्य में नियोजन प्रतिबंधित किया गया है। जबकि 14 से 18 तक के बच्चों का खतरनाक क्रियाओं में नियोजन के लिये प्रतिबंधित किया गया है। इसमें कोयला उद्योग, सीमेंट, पेट्रोलियम, रासायनिक, लौह, उर्वरक, शक्तिजनन, चर्मशोधन तथा खान व ज्वलनशील पदार्थो के निर्माण में लगाने से पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। संसोधित प्रावधान के अनुसार दण्डनीय राशि 10000 से बढ़ाकर 20000 रुपये न्युनतम तथा अधिकतम 50000 की गई है। इतना ही नहीं सजा में भी वृद्धि करते हुये 3 माह से बढ़ाकर 6 माह से कम नहीं और 2 वर्ष तक हो सकती है।

### वारासिवनी क्षेत्र में नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला

# ज्वेलर्स की दुकान से चोरों ने उड़ाये 6 लाख के जेवरात

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। चोर जितनी सक्रियता के साथ अपना काम कर रहे हैं, उसका पासंग भी पुलिस विभाग सक्रिय नहीं है। जिसके कारण क्षेत्र के नागरिकों की चोरों के भय से रातों की नींद उड़ गई हैं। कुछ दिनों पूर्व ही वारासिवनी नगर के दुर्गा मंदिर में हुई चोरी की घटना के बाद चोरों ने अब ग्राम नेवरगॉव वॉ में एक सोने-चॉदी के जेवरातों की दुकान पर धावा बोल कर लगभग 6 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। ग्राम नेवरगॉव वा में स्थित उरकुडे ज्वेलर्स के संचालक आशीष उरकुडे पिता स्वर्गीय पूरनलाल उरकुडे उम्र 31 वर्ष ने पुलिस थाना वारासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि 6-7 जनवरी 24 की रात्रि में



अज्ञात चोरों द्वारा उसकी सोने-चॉदी के जेवरात की दुकान के शटर की पट्टी तोडक़र लगभग 5-6 लाख रुपये के सोने-चॉदी के जेवरात चुरा लिए हैं। पुलिस थाने में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार आशीष उरकुडे 6 जनवरी की रात्रि लगभग 8 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह लगभग सवा 4 बजे उनके पड़ोसी गौरीशंकर चौहान ने उन्हें सूचना दी कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ हैं। जिस पर वह तत्काल अपनी दुकान पहुॅचे, तो देखा कि उनके शटर की पट्टी टूटी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने डायल 100 को फोन किया। जिस पर डाल 100 ने घटनास्थल पर पहुॅच कर स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित दुकान संचालक आशीष उरकुडे द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा उनकी दुकान से सोने के जेवरातों में मनी, पत्ती, ओम लाकेट, हाय लाकेट, लौग, नथनी वजनी करीबन 4-5 तोला, चॉदी के जेवरातों में चैन बड़ी, ब्रासलेट, चैन छोटी, कटली, जोडवा, बिछिया सिंगल लाईन, कड़े, बड़ी बिछिया, अंगूठी महिला व पुरुष, अंगूठा, सिक्का, मूर्ति, पूजा के सिक्के पुराने कुल वजनी करीबन 4-5 किलो ग्राम चुराये गए हैं। जिनकी कीमत लगभग 5-6 लाख रुपये होती हैं। पुलिस ने पीड़ित आशीष उरकुडे की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ भादवि की धारा 457, 380 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में लिया हैं।



### जिले में कड़ाके की ठंड:सुबह से छाया घना कोहरा, यातायात प्रभावित

**बालाघाट।** बालाघाट और आसपास के क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड रही है। सोमवार सुबह से ही क्षेत्र में घना कोहरा छाया हैं और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शीतलहर की वजह से लोग गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे है। विगत दिनों से मौसम में परिवर्तन के कारण हल्की बारिश भी देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार रात के तापमान में और गिरावट आने का अनुमान है। इसके प्रभाव से शीतलहर की स्थिति गंभीर हो सकती है। दिन का तापमान कम होने से कोल्ड-डे की स्थिति पैदा हो सकती है। सोमवार सुबह से ही कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में भीषण ठंड पड़ रही है।

### पशुपालकों ने स्कूल परिसर को बना दिया तबेला

# नगर के प्राथमिक शाला मुंदीवाड़ा का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के मुंदीवाड़ा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर को स्थानीय रहवासियों ने तबेला बनाकर रख दिया है. यहां पर पशु पालक अनाधिकृत रुप से स्कूल परिसर की फेंसिग से सड़क किनारे पशुओं को बांध रहे है जिससे विद्यार्थियों और राहगीरों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है. स्कूल के प्रधान पाठक के अनुसार वह कई बार पशु पालकों को समझाइश दे चुके है लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा. मतलब हर बार की समझाइश बेअसर ही साबित हुई. स्कूल परिसर की सीमा में मवेशी बांधने से छात्र-छात्राओं की खेलकूद गतिविधियों में दिक्कतें आ रही है बच्चे बताते है कि मवेशी कई बार मारने की कोशिश भी करते है. प्रधानाध्यापक ने कहा कि पशुपालकों से कई बार पशु को नहीं बांधने की बात कही परंतु इसका कोई असर नहीं है. बता दें कि जिन लोगों के द्वारा स्कूल की सीमा में मवेशी बांधे जा रहे है उन पशुपालकों के पास घर में ही पशुओं को बांधने के लिए पर्याप्त जगह है किन्तु फिर भी वह स्कूल परिसर में ही मवेशी बांध रहे है।

बीते दिनों नगर परिषद कटंगी मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मौका स्थल देखा था लेकिन उन्होंने भी स्थिति को देखने के बाद कोई कार्रवाई पशु मालिक के खिलाफ नहीं की. कार्रवाई तो दूर की बात है नोटिस तक नहीं भेजा गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से पशुपालक अपने पशुओं को यहां बांध रहे है. पशु यहां गंदगी करते है. स्कूल को गौशाला बना दिया गया है. इस संबंध में कई बार शिकायत करने पर भी कार्रवाई नही हुई. दिलचस्प बात तो यह है कि वार्ड पार्षद भी अपने व्यक्तिगत संबंध खराब ना हो जाए इसीलिए पशु मालिक को कुछ भी कहने से बचते है और अगर कोई छात्र का अभिभाव इस बात को लेकर आपत्ति जताए तो विवाद की स्थिति खड़ी हो जाती है. खास बात यह है कि स्कूल में फैली गंदगी जिम्मेदार अफसरों से भी छिपी हुई नहीं है लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।